# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

## 13 फरवरी 2024

----

: [ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

**कुल प्रश्न 13**

----

### कड़ी कार्रवाई करने पर विचार

*1 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सदर अस्पताल, मोतिहारी में जितने पैसे में जैसी जख्म रिपोर्ट चाहिये, वह बिचौलियों और वहां के कर्मियों के द्वारा बनवायी जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि जख्म रिपोर्ट, एक्स रे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस से पहले पैसे देकर संबंधित व्यक्तियों को इन बिचौलियों के माध्यम से उपलब्ध करानेवालों का एक गिरोह यहां कार्यरत है, जिसमें अस्पताल के कर्मचारी, बिचौलिये और कुछ छुटभैये नेता शामिल है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, मोतिहारी में चल रहे इस खेल की जांच करा कर कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

### विद्युत पोल की व्यवस्था

*2 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के संपतचक प्रखंड के ग्राम कामताचक में उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन जारी किया जा रहा है किन्तु, उनके घर तक बिजली के खंभो को नहीं गाड़ा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उपभोक्ता संख्या 102498861/101813172 का बिजली कनेक्शन तो जारी है किन्तु उनके घर तक पोल नहीं गाड़ा गया, जिससे उपभोक्ता बांस-बल्ले के सहारे बिजली का तार ले जाने को विवश हैं;

(ग) क्या यह सही है कि ऊर्जा विभाग के ज्ञापांक-प्र०/वि०प० 05/2022-767 04.03.2022 द्वारा सूचित किया गया था कि दिनांक 31/03/2022 तक बिजली का पोल गड़वाकर ऊर्जान्वित कर दिया गया जायेगा, किन्तु दो वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक पोल गड़वाकर ऊर्जान्वित नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित उपभोक्ताओं के घर तक बिजली का पोल कब तक गड़वाना चाहती है?

----

## बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से

*3 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत)ः**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी द्वारा बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से चतुर्थ वर्गीय संवेदक का निबंधन जिले स्तर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि इन संवेदको का जिले स्तर पर 25 लाख से निचे के कार्य निविदा के माध्यम से मिलता था;

(ग) क्या यह सही है कि वर्तमान में इन छोटे-छोटे कार्यों का बड़ा पैकेज बनाकर ग्रामीण कार्य विभाग तथा अन्य विभाग द्वारा कार्य कराया जाता है जिसके कारण छोटे संवेदक कार्यविहीन (छोटे संवेदक के रूप में सभी गरीब परिवार के लोग है) हो चुके है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन संवेदको का जिले स्तर पर कार्य उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## CARDIAC DEFIBRILLATOR मशीन उपलब्ध कराना

*4 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण)ः**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला अस्पतालों में CARDIAC DEFIBRILLATOR मशीन उपलब्ध नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के जिला स्तरीय अस्पतालों में उक्त मशीन कबतक लगाना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## अवैध कब्जा हटाने पर विचार

*5 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि माननीय मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना अंतर्गत कच्ची दरगाह, पटना में मुसाफिरखाना का निर्माण कराया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि मुसाफिरखाना का निर्माण श्रद्धालुओं को सुविधा पहुंचाना था;

(ग) क्या यह सही है कि विगत कई वर्षों से कुछ अवांक्षित तत्व कच्ची दरगाह स्थित दोनों मुसाफिरखाना (पूरब और पश्चिम) पर अवैध कब्जा किये हुये हैं जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कब तक मुसाफिरखाना से अवैध कब्जा हटाना चाहती है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल सके ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*6 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिला के तुल्लापट्टी पंचायत के आस-पास की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि तुल्लापट्टी पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तुल्लापट्टी पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण

*7 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत बगहा पुलिस जिला के प्रखंड बगहा-1, सिंघाड़ी पिपरीया पंचायत में स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेतु जमीन उपलब्ध करा दिया गया है परन्तु अब तक स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से सटा होने के कारण यदि यहां स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण किया जाता है तो लाखों आबादी को इसका लाभ मिल सकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगह पर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*8 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखंड अंतर्गत पंचायत स्वैयाटांड में उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि स्वैयाटांड पंचायत के ग्रामीणों को चिकित्सा उपचार के लिए तीस किलोमीटर दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रजौली जाना पड़ता है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीणों के हित में ग्राम पंचायत स्वैयाटांड में उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## होम्योपैथी फार्मेसी कॉलेज संचालित करने का विचार

*9 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में 'डिप्लोमा इन होम्योपैथी फार्मेसी (DHP)' की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को सस्ती एवं कारगार

इलाज होने में सही साबित हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार प्रदेश के पड़ोसी राज्यों यथा उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों में होम्योपैथी फार्मेसी कॉलेज संचालित है;

(घ) क्या यह सही है कि दो वर्ष के होम्योपैथी फार्मेसी कोर्स करने के बाद सरकारी अस्पताल में होम्योपैथीक फार्मासिस्ट अथवा स्वयं की फार्मेसी खोलकर स्वरोजगार किया जा सकता है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य में 'डिप्लोमा इन होम्योपैथी फार्मेसी (DHP)' की पढ़ाई के लिए होम्योपैथी फार्मेसी कॉलेज संचालित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## चिकित्सकीय उपकरण की मुहैया

*10 **श्री संजय पासवान (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बन रहे सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल का भवन मई-जून में पुरा हो भी गया है;

(ख) क्या यह सही है कि चिकित्सकीय उपकरणों व साजो समान के मद में 30 करोड़ भुगतान के बाद भी इलाज के उपकरणों का पता नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में पी.एम.सी.एच. में चिकित्सकीय उपकरण की मुहैया कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ट्रामा सेंटर का निर्माण

*11 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत दावथ प्रखंड के मलियाबाग में ट्रामा सेंटर नहीं रहने के कारण आमजनों को काफी परेशानी होती है;

(ख) क्या यह सही है कि मोहनिया से आरा के बीच कोई भी NH-30 पर ट्रामा सेंटर नही रहने के कारण लोगों को 125 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोहनिया एवं आरा के बीच एक ट्रामा सेंटर बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## विद्युत विपत्रों का सुधार

*12 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विद्युत वितरण कंपनी उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार के द्वारा लगातार विद्युत विपत्र में गड़बड़ी की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई, मधुबनी आदि जिले के उपभोक्ताओं के द्वारा विपत्र में गड़बड़ी की शिकायतें विद्युत विभाग में दर्ज कराने के बावजूद भी उसके निष्पादन में तत्परता नहीं बरती जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत मीटर रीडिंग करने वाले अनुसेवकों के द्वारा अपने मन से बिना मीटर देखे मीटर रीडिंग की सूचना विभाग को दी जाती है फलतः उपभोक्ताओं को उपभोग से अधिक विद्युत विपत्र में राशि जमा करनी पड़ती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड 'ख' में वर्णित जिलों में विद्युत विपत्रों का सुधार कर उपभोक्ताओं को राहत देना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## आवास उपलब्ध

*13 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत सभी प्रखंडों में कार्यरत चिकित्सकों को प्रखण्ड मुख्यालय में आवास उपलब्ध नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त चिकित्सकों को प्रखण्ड मुख्यालय में आवास उपलब्ध नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय से आना-जाना पड़ता है जिससे मरीजों का ससमय इलाज नहीं हो पाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्डों में कार्यरत चिकित्सकों को प्रखण्ड मुख्यालय में आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----